**प्रादर्श प्रश्नपत्र –I**
**कक्षा – 12वीं**
**इतिहास (101)**

---

समय : 3:00 घण्टे पूर्णांक – 80 अंक

निर्देश :–

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 01 से 20 तक प्रत्येक पर एक अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आबंटित है।
4. प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक पर 06 अंक आबंटित है। (शब्द सीमा 200)
5. प्रश्न क्रमांक 28 से 30 तक प्रत्येक पर 08 अंक आबंटित है। (शब्द सीमा 300)
6. प्रश्न क्रमांक 31 में 06 अंक आबंटित है, मानचित्र अंकन है।
7. प्रश्न क्रमांक 25 से 31 तक आंतरिक विकल्प दिये गये है।

---

प्रश्न क्रमांक 1 :– हड़प्पा अथवा सिंधु घाटी सभ्यता की ''मुहरें'' किस पत्थर से बनाई गई थी? 1

प्रश्न क्रमांक 2 :– भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के प्रथम डायरेक्टर जनरल कौन थे? 1

प्रश्न क्रमांक 3 :– ''गहपति'' शब्द किसके लिये प्रयोग किया जाता था? 1

प्रश्न क्रमांक 4 :– देवनांप्रिय और पियदस्सी किस राजा को प्राप्त उपाधि थी? 1

प्रश्न क्रमांक 5 :– द्रोणाचार्य या द्रोण कौन था? 1

प्रश्न क्रमांक 6 :– ''नाट्यशास्त्र'' नामक ग्रंथ के रचयिता कौन है? 1

प्रश्न क्रमांक 7 :– सांची का स्तूप किस राज्य में स्थित है? 1

प्रश्न क्रमांक 8 :– ''किताब–उल–हिन्द'' के लेखक कौन है? 1

प्रश्न क्रमांक 9 :– 17वीं शताब्दी में भारत आने वाले प्रसिद्ध फ्रांसीसी यात्री कौन थे? 1

प्रश्न क्रमांक 10 :– तमिलनाडु के अलवार संत किसकी भक्ति करते थे? 1

प्रश्न क्रमांक 11 :– अजमेर (राजस्थान में किस सूफीसंत का दरगाह है? 1

प्रश्न क्रमांक 12 :– कृष्णदेव राय किस राजवंश का शासन था? 1

प्रश्न क्रमांक 13 :– हम्पी को युनेस्को द्वारा विश्व पुरातत्व स्थल किस वर्ष घोषित किया गया? 1

प्रश्न क्रमांक 14 :– तम्बाकू के प्रयोग पर किस मुगल बादशाह ने प्रतिबंध लगाया था? 1

प्रश्न क्रमांक 15 :– ''मनसबदारी'' का आरंभ किस शासक ने किया था? 1

प्रश्न क्रमांक 16 :– अमला क्या था? 1

प्रश्न क्रमांक 17 :— रेजीडेंट कौन थे? 1

प्रश्न क्रमांक 18 :— प्रथम हिल स्टेशन कब और कहाँ स्थापित किया गया? 1

प्रश्न क्रमांक 19 :— जलियॉवाला बाग किस शहर में स्थित है? 1

प्रश्न क्रमांक 20 :— छत्तीसगढ़ की गंगा किस नदी को कहा जाता है? 1

प्रश्न क्रमांक 21 :— हड़प्पा संस्कृति के लोगों के सामाजिक जीवन की प्रमुख तीन विशेषताओं को संक्षेप में लिखिए। 3

प्रश्न क्रमांक 22 :— तीन प्रमुख विदेशी यात्रियों के बारे में संक्षेप में लिखिए, जो भारत आये थे।3

प्रश्न क्रमांक 23 :— राजनैतिक और आर्थिक दृष्टि से प्लासी के युद्ध के कोई तीन महत्व लिखिए। 3

प्रश्न क्रमांक 24 :—छत्तीसगढ़ के नामकरण के संबंध में प्रचलित कोई तीन सिद्धांतो का उल्लेख कीजिए। 3

प्रश्न क्रमांक 25 :—पुरातत्वविद् किस प्रकार के अतीम का पुननिर्माण करते है। विस्तार से समझाइए। 6

अथवा

जैन एवं बौद्ध धर्म के उदय के प्रमुख कारणों को लिखिए।

प्रश्न क्रमांक 26 :— भक्ति पंथ के उदय के कारणों को लिखिए एवं यह भी बताइए कि भक्ति परम्परा के कौन—कौन से मार्ग प्रचलित थे। 3+3=6

अथवा

कृषि उत्पादन में महिलाओं की भूमिका का वर्णन कीजिए।

प्रश्न क्रमांक 27 :— सन् 1857 के विद्रोह की प्रमुख उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

अंग्रेजों (ब्रिटिश) ने भारत का विभाजन (बंटवारा) क्यों किया? उल्लेख

कीजिए।

प्रश्न क्रमांक 28 :— सिंधु घाटी सभ्यता की नगर योजना का उल्लेख करते हुए सामाजिक एवं आर्थिक जीवन के बारे में लिखिए। 8

अथवा

मनुस्मृति के अनुसार प्राचीन भारत में प्रचलित विवाह परम्परा के प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न क्रमांक 29 :— मुगल शासनकाल में शाही नौकर अर्थात् प्रशासन व्यवस्था का विस्तृत वर्णन कीजिए। 8

अथवा

विजयनगर साम्राज्य का संक्षिप्त राजनीतिक इतिहास को बताते हुए कृष्णदेव राय के योगदान को लिखिए।

प्रश्न क्रमांक 30 :— स्थाई कृषि के विस्तार का पहाड़ियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा? क्या वर्तमान में भी स्थाई कृषि के द्वारा पर्यावरणीय संतुलन को कायम रखा जा सकता है। अपने विचार लिखिए। 8

अथवा

महाशिव गुप्त, बालार्जून का काल छत्तीसगढ़ का स्वर्ण युग था। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के स्वर्णिम युग को स्थापित किए जाने हेतु क्या प्रयास किए जाने चाहिए।

प्रश्न क्रमांक 31 :— भारत के मानचित्र पर निम्न स्थानों को दशाईए — 6

1. बाबर का शासन (1530)
2. 1857 क्रांति का प्रभुति केन्द्र मेरठ
3. महत्वपूर्ण बौद्ध स्थल — सांची
4. मगध की राजधानी — पाटलीपुत्र
5. कालीकट बन्दरगाह
6. धान्य कटक

अथवा

1. अकबर का साम्राज्य 1605
2. बुद्ध का जन्म स्थल — लुम्बिनी
3. गंगा नदी
4. दक्षिण भारत राज्य — मदुरई
5. हिन्द महासागर
6. शिशुपालगढ़



**प्रादर्श प्रश्नपत्र–II**
**कक्षा – 12वीं**
**इतिहास (101)**

---

समय : 3:00 घण्टे पूर्णांक – 80 अंक

निर्देश :–

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 01 से 20 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 20 शब्द है।
3. प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम सीमा 50 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक दीर्घउत्तीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम सीमा 200 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 28 मानचित्र अंकन का प्रश्न है। जिसमें आंतरिक विकल्प दिया गया है। प्रश्न पर 06 अंक आबंटित है।
6. प्रश्न क्रमांक 29 से 31 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न पर 08 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 300 शब्द है।

---

प्रश्न क्रमांक 1 :– सिंधु घाटी सभ्यता को किस संस्कृति के नाम से जाना जाता है। 1

प्रश्न क्रमांक 2 :– कौटिल्य द्वारा लिखित ग्रंथ ''अर्थशास्त्र'' प्राचीन कालीन किस वंश की जानकारी प्रदान करता है। 1

प्रश्न क्रमांक 3 :– महाभारत का मूलपाठ किस भाषा में है। 1

प्रश्न क्रमांक 4 :– राजाओं का घर किसे कहा जाता था। 1

प्रश्न क्रमांक 5 :–जैन दर्शन की महत्वपूर्ण अवधारणा के अनुसार सम्पूर्ण विश्व को कैसा माना गया है। 1

प्रश्न क्रमांक 6 :–श्री कृष्ण ने अर्जुन को युद्ध के लिए उत्साहित करते हुये जो उपदेश दिये उनका संकलन किस ग्रंथ में किया गया है। 1

प्रश्न क्रमांक 7 :– हड़प्पा सभ्यता कि खोज में प्राप्त हड़प्पाई मूहरों पर अंकि लिपि को रहस्यमयी लिपि क्यों कहा जाता है। 1

प्रश्न क्रमांक 8 :– 1526 ईस्वी में दिल्ली सुल्तान इब्राहिम लोदी को पानीपत के युद्ध में हराकर पहला बादशाह कौन बना। 1

प्रश्न क्रमांक 9 :– इब्नबतुता का संबंध किस देश में था। 1

प्रश्न क्रमांक 10 :– शंकर देव कौन है। 1

प्रश्न क्रमांक 11 :– हजार राम मंदिर कहाँ स्थित था इसे किसने बनाया था। 1

प्रश्न क्रमांक 12 :— अकबर के शासन में भूमि को कितने वर्गो में बाटा गया था। नाम लिखिए। 1

प्रश्न क्रमांक 13 :— हरम शब्द का अर्थ समझाइये। 1

प्रश्न क्रमांक 14 :— झरोखा दर्शन प्रथा का आरंभ किसने किया इसका प्रमुख उद्देश्य कया था। 1

प्रश्न क्रमांक 15 :— विजयनगर साम्राज्य की स्थापना किसने और और कब किया। 1

प्रश्न क्रमांक 16 :— सूर्यास्त विधि क्या था। 1

प्रश्न क्रमांक 17 :— खूब लड़ी मर्दानी वह तो झासी वाली रानी कविता के रचियता कौन है। 1

प्रश्न क्रमांक 18 :— सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर किसने बनाया। 1

प्रश्न क्रमांक 19 :— देश की कार्यकारिणी मुखिया कौन होता है। 1

प्रश्न क्रमांक 20 :— जलियावाला बाग कहाँ स्थित है। 1

प्रश्न क्रमांक 21 :— हड़प्पा सभ्यता के पतन के लिये तीन उत्तरदायी कारण लिखिए। 3

प्रश्न क्रमांक 22 :— चौदहवी शताब्दी में यात्रा करना किस प्रकार असुरक्षित था। 3

प्रश्न क्रमांक 23 :— गाँधी जी के तीन रचनात्मक कार्यो को लिखिए। 3

प्रश्न क्रमांक 24 :—अंग्रेजी शिक्षा भारतवासियों के लिए किस प्रकार से एक छिपा हुआ वरदान साबित हुई। 3

प्रश्न क्रमांक 25 :— गुप्त साम्राज्य के पतन के कोई छः कारणों की व्याख्या कीजिए। 6

अथवा

''महाभारत की मुख्य कथा पारिवारिक संबंधों का विश्लेषण करती है।'' कोई छः प्रमाण सहित इस कथन को न्यायसंगत सिद्ध कीजिए।

प्रश्न क्रमांक 26 :— विजयनगर साम्राज्य के योगदान का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

भक्ति आंदोलन का प्रभाव किस प्रकार समाज में परिवर्तन लाया।

प्रश्न क्रमांक 27 :— कलचुरि काल की सामाजिक स्थिति का वर्णन कीजिए? 6

अथवा

भारतीय संविधान के निर्माण में प्रमुख छः व्यक्तियों के योगदान को लिखिए।

प्रश्न क्रमांक 28 :— भारत के मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइये। 6

(i) चोलराज्य (ii) साँची (iii) मेरठ (iv) यमुना नदी

(v) मदुरई (vi) चन्द्रकेतुगढ़

अथवा

भारत के मानचित्र में तारांकित स्थानों के नाम लिखिए निम्नांकित को दशाईये।

(i) कानपुर (ii) गुप्तराज्य (iii) कावेरी नदी (iv) कालीकट

(v) लुम्बिनी (vi) शिशुपालगढ़



प्रश्न क्रमांक 29 :— स्मृति ग्रंथो में वर्णित विभिन्न प्रकार के विवाह का वर्णन कीजिए। 8

अथवा

स्तूप क्यों और कैसे बनाए जाते थे? चर्चा कीजिए?

प्रश्न क्रमांक 30 :— मुगल दरबार से जुड़े दैनिक कर्म और विशेष उत्सवों के दिनों ने किस तरह के बादशाह की सत्ता के भाव को प्रतिपादित किया होगा? 8

अथवा

आइने ए अकबरी हमें मुगलकाल की क्या—क्या जानकारियाँ प्रदान करती है।

प्रश्न क्रमांक 31 :— कैबिनेट मिशन की योजनाओं का विस्तृत विवरण दिजिए? 8

अथवा

असहयोग आन्दोलन में अंग्रेजी सरकार का प्रतिरोध करने के लिए क्या—क्या तरीके अपनाऐ गये?